**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2796**
**12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

# पीएमएवाई-यू के अंतर्गत निधियों का आवंटन

**2796. श्रीमती हरसिमरत कौर बादलः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का पंजाब सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत पंजाब में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) केन्द्र सरकार किस प्रकार यह सुनिश्चित करती है कि उक्त योजना के अंतर्गत पंजाब में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग और निम्न आय वर्ग के लोग वित्तीय सहायता प्राप्त करने में ब्याज पर राजसहायता का लाभ उठा सकें?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ग): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय पंजाब सहित देश भर के पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं वाले सभी मौसमों में रहने योग्य आवास प्रदान करने के लिए 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) का कार्यान्वयन कर रहा है। यह योजना चार घटकों  अर्थात् लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), "स्व-स्थाने" स्लम पुनर्विकास (आईएसएसआर) और ऋण संबद्ध सब्सिडी योजना (सीएलएसएस)  के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है। भारत सरकार ने पीएमएवाई-यू के एएचपी और बीएलसी घटक के लिए प्रति यूनिट 1.5 लाख रूपए, आईएसएसआर के तहत प्रति यूनिट 1.0 लाख रूपए की केंद्रीय सहायता के रूप में अपना निश्चित हिस्सा प्रदान किया। सीएलएसएस घटक के तहत, लाभार्थियों को प्रति घर 2.67 लाख रूपए तक की ब्याज सब्सिडी प्रदान की गई थी।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, 02.12.2024 तक, मंत्रालय द्वारा कुल 118.64 लाख आवासों को स्वीकृति दे दी गई है, जिनमें से 114.23 लाख आवासों की नींव रखी गई है और 88.32 लाख आवासों को पूरा किया गया है/ पंजाब सहित देश भर के लाभार्थियों को वितरित किया गया है। इसी तरह, पंजाब में मंत्रालय द्वारा कुल 1.32 लाख आवासों को स्वीकृति दे दी गई है, जिनमें से 1.18 लाख आवासों की नींव रखी जा चुकी है और 0.91 लाख आवासों को पूरा किया गया है/ लाभार्थियों को सौंप दिया गया है। पंजाब सहित पीएमएवाई-यू के तहत पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई केंद्रीय सहायता का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है। शुरुआत से स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण/ लाभार्थियों को सुपुर्द किए गए आवासों का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है। पंजाब राज्य में स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण/ लाभार्थियों को वितरित किए गए आवासों का जिले-वार विवरण अनुलग्नक-III में दिया गया है।

इस योजना ने स्लम निवासियों सहित ईडब्ल्यूएस/ एलआईजी और एमआईजी के लाभार्थियों को आवश्यकता और पात्रता मानदंडों के अनुसार किसी भी घटक के तहत लाभ उठाने के लिए लचीलापन प्रदान किया है।

इसके अलावा, पीएमएवाई-यू के अनुभवों से सीख लेते हुए, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने देश भर के शहरी क्षेत्रों में कार्यान्वयन के लिए 01.09.2024 से "सभी के लिए आवास" पीएमएवाई-यू 2.0 मिशन शुरू किया है, ताकि पात्र लाभार्थियों द्वारा चार घटकों यानी लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), किफायती किराया आवास (एआरएच) और ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस) के माध्यम से किफायती लागत पर घर बनाया, खरीदा और किराए पर लिया जा सके। अब तक, पंजाब सहित 29 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों ने योजना दिशानिर्देशों के अनुसार पीएमएवाई-यू 2.0 को कार्यान्वित करने के लिए सहमति ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं। योजना के दिशानिर्देश https://pmay-urban.gov.in/uploads/guidelines/operational-guidelines-of-pmay-u-2.pdf पर उपलब्ध हैं।

*****

दिनांक 12.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2769 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

पंजाब सहित पीएमएवाई-यू के तहत पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई केंद्रीय सहायता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

| संख्या | | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | स्वीकृत केन्द्रीय सहायता (करोड़ रुपए में) | जारी केन्द्रीय सहायता (करोड़ रुपए में)* | उपयोग की गई केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्य | आंध्र प्रदेश | 10,991.94 | 13,718.35 | 10,632.51 |
| 2 | | बिहार | 487.97 | 1,086.76 | 917.27 |
| 3. | | छत्तीसगढ | 1,677.62 | 1,748.48 | 1,503.29 |
| 4 | | गोवा | 16.54 | 16.54 | 16.54 |
| 5 | | गुजरात | 7,909.63 | 8,763.09 | 8,333.07 |
| 6 | | हरियाणा | 303.26 | 499.55 | 299.69 |
| 7 | | हिमाचल प्रदेश | 69.09 | 83.76 | 70.44 |
| 8 | | झारखंड | 995.49 | 728.06 | 568.80 |
| 9 | | कर्नाटक | 1,603.75 | 2,292.57 | 2,199.25 |
| 10 | | केरल | 893.02 | 883.25 | 785.14 |
| 11 | | मध्य प्रदेश | 4,594.36 | 6,023.71 | 5,576.11 |
| 12 | | महाराष्ट्र | 8,825.47 | 8,774.84 | 7,769.37 |
| 13 | | ओडिशा | 1,139.44 | 1,017.68 | 823.78 |
| 14 | | पंजाब | 731.28 | 844.94 | 740.29 |
| 15 | | राजस्थान | 3,159.12 | 2,537.11 | 2,385.79 |
| 16 | | तमिलनाडु | 2,140.82 | 3,251.42 | 3,067.03 |
| 17 | | तेलंगाना | 604.10 | 973.89 | 872.27 |
| 18 | | उत्तर प्रदेश | 6,540.08 | 11,710.00 | 10,882.40 |
| 19 | | उत्तराखंड | 484.39 | 429.57 | 377.05 |
| 20 | | पश्चिम बंगाल | 2,947.33 | 3,020.58 | 2,329.74 |
| **उप-कुल (राज्य)** | | | **56,114.70** | **68,404.15** | **60,149.83** |
| 21 | उत्तर-पूर्वी राज्य | अरुणाचल प्रदेश | 37.79 | 42.74 | 27.90 |
| 22 | | असम | 900.54 | 1,130.04 | 1,083.35 |
| 23 | | मणिपुर | 90.90 | 159.91 | 131.53 |
| 24 | | मेघालय | 0.36 | 38.02 | 24.57 |
| 25 | | मिजोरम | 20.54 | 256.97 | 222.02 |
| 26 | | नागालैंड | 0.09 | 120.62 | 94.46 |
| 27 | | सिक्किम | 2.03 | 2.03 | 2.03 |
| 28 | | त्रिपुरा | 317.55 | 263.47 | 164.16 |
| **उप-कुल (उत्तर पूर्वी राज्य)** | | | **1,369.80** | **2,013.80** | **1,750.02** |
| 29 | संघ राज्य क्षेत्र | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 0.06 | 2.03 | 2.03 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 | | चंडीगढ़ | 6.67 | 6.67 | 6.67 |
| 31 | | दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 61.40 | 65.69 | 61.40 |
| 32 | | दिल्ली | 113.37 | 113.37 | 113.37 |
| 33 | | जम्मू और कश्मीर | 255.15 | 163.65 | 106.68 |
| 34 | | लद्दाख | 0.07 | 6.69 | 6.35 |
| 35 | | लक्षद्वीप | - | - | - |
| 36 | | पुद्दुचेरी | 64.96 | 72.21 | 28.40 |
| **उप- कुल (संघ राज्य क्षेत्र)** | | | **501.68** | **430.31** | **324.90** |
| **सकल योग** | | | **57,986.18** | **70,848.26** | **62,224.75** |

*पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के पूर्ववर्ती वर्षों में स्वीकृत आवासों के लिए अनुमोदित केंद्रीय सहायता में से इस वर्ष के दौरान जारी केंद्रीय सहायता शामिल है।

दिनांक 12.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2769 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

पीएमएवाई-यू के तहत शुरुआत से लाभार्थियों को स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण/वितरित किए गए आवासों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विवरण

| क्र. सं. | | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | स्वीकृत आवास (संख्या) | घरों की नींव (संख्या) | पूरे किए गए/सुपुर्द किए गए मकान (संख्या) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्य | आंध्र प्रदेश | 21,37,028 | 19,46,394 | 10,03,220 |
| 2 | | बिहार | 3,14,477 | 3,08,391 | 1,61,011 |
| 3. | | छत्तीसगढ | 3,02,663 | 2,85,324 | 2,46,352 |
| 4 | | गोवा | 3,146 | 3,146 | 3,145 |
| 5 | | गुजरात | 10,05,204 | 9,79,715 | 9,32,396 |
| 6 | | हरियाणा | 1,15,034 | 90,422 | 69,011 |
| 7 | | हिमाचल प्रदेश | 12,758 | 12,640 | 10,890 |
| 8 | | झारखंड | 2,29,156 | 2,13,900 | 1,49,955 |
| 9 | | कर्नाटक | 6,38,121 | 5,72,472 | 3,76,314 |
| 10 | | केरल | 1,67,322 | 1,53,353 | 1,26,806 |
| 11 | | मध्य प्रदेश | 9,61,147 | 9,45,013 | 8,34,789 |
| 12 | | महाराष्ट्र | 13,64,923 | 10,94,519 | 8,70,689 |
| 13 | | ओडिशा | 2,03,380 | 1,85,273 | 1,53,960 |
| 14 | | पंजाब | 1,32,235 | 1,18,331 | 90,985 |
| 15 | | राजस्थान | 3,19,877 | 2,96,389 | 2,08,036 |
| 16 | | तमिलनाडु | 6,80,347 | 6,64,731 | 5,87,352 |
| 17 | | तेलंगाना | 2,50,084 | 2,34,737 | 2,23,318 |
| 18 | | उत्तर प्रदेश | 17,76,823 | 17,58,368 | 16,46,083 |
| 19 | | उत्तराखंड | 64,391 | 62,404 | 38,090 |
| 20 | | पश्चिम बंगाल | 6,68,953 | 6,07,277 | 4,18,551 |
| **उप-कुल (राज्य)** | | | **113,47,069** | **105,32,799** | **81,50,953** |
| 21 | उत्तर-पूर्वी राज्य | अरुणाचल प्रदेश | 8,499 | 8,070 | 8,063 |
| 22 | | असम | 1,76,643 | 1,69,036 | 1,14,632 |
| 23 | | मणिपुर | 56,037 | 50,430 | 14,964 |
| 24 | | मेघालय | 4,758 | 4,006 | 1,789 |
| 25 | | मिजोरम | 39,605 | 39,076 | 19,353 |
| 26 | | नागालैंड | 31,860 | 31,055 | 26,113 |
| 27 | | सिक्किम | 316 | 316 | 202 |
| 28 | | त्रिपुरा | 92,854 | 87,300 | 75,112 |
| **उप-कुल (उत्तर-पूर्वी राज्य)** | | | **4,10,572** | **3,89,289** | **2,60,228** |
| 29 | संघ राज्य क्षेत्र | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 376 | 376 | 47 |
| 30 | | चंडीगढ़ | 1,256 | 1,256 | 1,256 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 9,947 | 9,947 | 9,230 |
| 32 | | दिल्ली | 29,976 | 29,976 | 29,976 |
| 33 | | जम्मू और कश्मीर | 47,040 | 41,937 | 27,660 |
| 34 | | लद्दाख | 1,307 | 991 | 876 |
| 35 | | लक्षद्वीप | - | - | - |
| 36 | | पुद्दुचेरी | 15,995 | 15,923 | 10,481 |
| **उप- जोड़ (यूटी)** | | | **1,05,897** | **1,00,406** | **79,526** |
| **सकल योग** | | | **118.64 लाख** | **114.23 लाख*** | **88.32 लाख*** |

*मिशन अवधि के दौरान जेएनएनयूआरएम के पूर्ण (3.41 लाख) निर्माणाधीन (4.01 लाख) आवास शामिल हैं।

दिनांक 12.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2769 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-III

**पीएमएवाई-यू के तहत पंजाब राज्य में लाभार्थियों को स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण/वितरित किए गए आवासों का जिले-वार विवरण**

| क्र. सं. | जिला का नाम | स्वीकृत आवास (संख्या) | निर्माणाधीन आवास (संख्या) | पूरे किए गए मकान (संख्या) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमृतसर | 10,516 | 9,699 | 6,696 |
| 2 | बरनाला | 3,177 | 2,853 | 957 |
| 3. | बठिंडा | 11,208 | 9,049 | 7,482 |
| 4 | फरीदकोट | 1,190 | 1,063 | 564 |
| 5 | फतेहगढ़ साहिब | 2,248 | 2,066 | 1,609 |
| 6 | फाजिल्का | 2,164 | 1,920 | 1,136 |
| 7 | फिरोजपुर | 3,286 | 2,837 | 1,813 |
| 8 | गुरदासपुर | 3,970 | 3,433 | 1,591 |
| 9 | होशियारपुर | 2,087 | 1,869 | 1,562 |
| 10 | जालंधर | 16,370 | 15,025 | 10,464 |
| 11 | कपूरथला | 2,251 | 2,101 | 1,474 |
| 12 | लुधियाना | 15,065 | 12,871 | 10,179 |
| 13 | मलेरकोटला | 1,445 | 986 | 680 |
| 14 | मानसा | 5,192 | 4,736 | 4,043 |
| 15 | मोगा | 3,052 | 2,480 | 1,564 |
| 16 | पठानकोट | 2,191 | 1,945 | 641 |
| 17 | पटियाला | 7,710 | 6,336 | 5,009 |
| 18 | रूपनगर | 1,806 | 1,683 | 1,561 |
| 19 | साहिबजादा अजीत सिंह नगर | 26,192 | 25,844 | 24,921 |
| 20 | संगरूर | 3,742 | 3,385 | 3,023 |
| 21 | शहीद भगत सिंह नगर | 850 | 764 | 463 |
| 22 | श्री मुक्तसर साहिब | 2,892 | 2,697 | 1,597 |
| 23 | तरन तारन | 3,631 | 2,689 | 1,956 |
| **कुल योग** | | **1,32,235** | **1,18,331** | **90,985** |